# COMMON PRE-BOARD EXAMINATION

## HINDI COURSE B –Code No. 085

## CLASS X-(2025-26) SET 1

## MARKING SCHEME

**Time allowed: 3 Hrs.** **Maximum Marks: 80**

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड- क**<br>**(अपठित बोध)** | |
| प्रश्न 1 | नीचे गद्यांश दिए गए हैं। गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। | 7 |
| | निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए। | 1x3=3 |
| 1 | घ) 1, 2 और 3 | |
| 2 | क) केवल 1 | |
| 3 | ग) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है। | |
| 4 | बच्चों के बीच रचनात्मक सोच, सामुदायिक समझ और रिश्तों से जुड़ाव को पोषित करने के लिए ग्रीष्म अवकाश के समय का सही सदुपयोग करना चाहिए क्योंकि गीष्मवकाश के समय बच्चों पर पढ़ाई का अधिक दबाव नहीं होता । | |
| 5 | अब पारिवारिक सम्बन्धों में बड़ा परिवर्तन यह हुआ है कि संयुक्त परिवारों का स्थान एकल परिवारों ने ले लिया है। एकल परिवारों में अधिक वृद्धि हुई है । | |
| प्रश्न 2 | नीचे गद्यांश दिए गए हैं। गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। | 7 |
| | निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए। | 1x3=3 |
| 1 | क रासायनिक खाद की महँगी लागत से बचने के लिए | |
| 2 | ग) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है। | |
| 3 | ग) गलने-सड़ने से पूर्व सहायक फ़सल को खेतों में दबाने को। | |
| 4 | हरी खाद के उपयोग से वातावरण शुद्ध होता है तथा मिट्टी में जीवांश और भूमि की उर्वरता बढ़ती है। | 2 |
| 5 | हरी खाद का उपयोग करके भूमि तथा प्रदूषण की समस्या को समाप्त किया जा सकता है। | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न 3** | **निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **1x4=4** |
| **1** | जापान के अस्सी फ़ीसदी लोग | |
| **2** | नदी के किनारे खड़ा | |
| **3** | चलानी शुरू कर दी | |
| **4** | जब पद समूह सर्वनाम शीर्ष पद की ओर संकेत करें उसे सर्वनाम पदबंध कहलाता है ।<br>उदाहरण- **हमेशा शोर करने वाला वह** आज शांत बैठा है। इस वाक्य में ' वह ' सर्वनाम है तथा यह प्रमुख पद है अन्य पद उस प्रमुख सर्वनाम पद से संबंध रखते हैं । | |
| **5** | कल शाम पाँच बजे तक<br>**कारण** : क्रिया की विशेषण बताने वाले पद समूह होने के कारण यह क्रियाविशेषण या अव्यय पदबंध है। | |
| **प्रश्न 4** | निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। | **1x4=4** |
| **1** | संयुक्त वाक्य | |
| **2** | कि मैं इस तरह विचलित हुआ है। संज्ञा उपवाक्य | |
| **3** | जापान में चाय पीने की विधि को 'चा-नो-यू' कहते हैं। | |
| **4** | तताँरा ने दिनभर अथक परिश्रम किया और / इसलिए वह शाम को समुद्र किनारे टहलने निकल पड़ा। | |
| **5** | जिस वाक्य में एक प्रधान वाक्य तथा एक से अधिक आश्रित उपवाक्य हों, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं। | |
| **प्रश्न 5** | निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **1x4=4** |
| **1** | गरिमा से पूर्ण तत्पुरुष | |
| **2** | उदाहरण - समस्तपद- आजीवन - आ - अव्यय है। इसमें पूर्व पद प्रधान होता है। | |
| **3** | विग्रह - जीवनभर | |
| **4** | एक है दंत जिसके-विशेष अर्थ गणेश- बहुव्रीहि समास | |
| **5** | 'अन्न और जल' द्वंद्व | |
| **प्रश्न 6** | 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए Á | **1x4=4** |
| **1** | तलवार खींच ली। | |
| **2** | होश न रहना | |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | पोल खुलना , कलई खुलना | |
| 4 | खुशी का ठिकाना न रही / बाँछें खिल उठीं | |
| 5 | 'गाँठ बाँधना' -याद रखना | |
| **प्रश्न 7** | **निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए।** | **1x5=5** |
| 1 | ख) कथन और कारण दोनों ही गलत हैं । | |
| 2 | ग) भय से मुक्ति | |
| 3 | ग) वे उसे शक्ति एवं साहस दें | |
| 4 | ग) उसका बल-पौरुष कम न हो। | |
| 5 | ग) I-2, II-3, III-1 | |
| **प्रश्न 8** | **निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए -** | **2x3=6** |
| क) | 'कर चले हम फ़िदा' कविता में कवि ने भारत-चीन के युद्ध में सीमाओं पर लड़नेवाले सैनिकों द्वारा साथियों शब्द का संबोधन भारतवर्ष के नवयुवकों के लिए किया है और उनसे अपेक्षा की है कि वे सैनिक तो संसार छोड़कर जा रहे हैं और अब देश की रक्षा का उत्तरदायित्व उन देशवासियों पर है। हिमालय देश का मुकुट है इसलिए अपने सिर भले ही कट जाएँ परंतु हिमालय का सिर नहीं झुकना चाहिए। मातृभूमि पर हँसते-हँसते न्योछावर हो जाएँ। संकट की घड़ी में अपने सुखों और स्वार्थों को छोड़कर देश सेवा में समर्पित हो जाएँ। | |
| ख) | 'मेखलाकार' शब्द का अर्थ है-करधनी के आकार के या गोल आकार के पहाड़ की ढाल, अर्थात जिसने चारों ओर से घेरा बनाया हुआ हो। कवि ने इस शब्द का प्रयोग यहाँ किया है क्योंकि ये पर्वत संपूर्ण पर्वत प्रदेश में चारों ओर से करधनी के समान गोलाकार घेरा बनाकर खड़े हुए प्रतीत होते हैं। | |
| ग) | कवि मैथिलीशरण गुप्त जी ने मनुष्यता कविता में महर्षि दधीचि, राजा रंतिदेव, गांधार के राजा उशीनर तथा कर्ण आदि के उदाहरणों द्वारा जीवन में परोपकार का महत्त्व दर्शाया है। ये सभी उदाहरण त्याग, निस्वार्थ भाव, सहानुभूति, सद्भाव, उदारता तथा करुणा को दर्शाते हैं। मेरा मित्र परोपकारी है और उसके हृदय में दूसरों के हित की भावना है। कोई अन्य अनुभव दे सकते हैं। | |
| घ) | विरासत में मिली चीज़ें अत्यंत निराली होती है। इससे हम भावनात्मक रूप से छुड़े होते हैं। जिसका बहुत बड़ा महत्त्व होता है क्योंकि वे हमें अपने पूर्वजों से प्राप्त होती हैं। उनका अपना महत्त्व और इतिहास होता है। उदाहरण के लिए **1857** की तोप जो कंपनीबाग के प्रवेश द्वार में स्थित है वह हमें अंग्रेज़ों द्वारा सौंपी गई थी। जिससे हमें प्राचीन | |

| | | |
|---|---|---|
| | सभ्यता और संस्कृति के बारे में पता चलता है। साथ ही भविष्य के प्रति सावधान रहने की प्रेरणा भी मिलती है। | |
| **प्रश्न 9** | **निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए।** | **1x5=5** |
| 1 | क) थोड़ा ताँबा मिला होता है। | |
| 2 | घ) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है । | |
| 3 | ख) जो आदर्शों को व्यावहारिकता के साथ चलाते हैं | |
| 4 | ख) केवल (i) और (ii) | |
| 5 | घ) शुद्ध सोने के | |
| **प्रश्न 10** | **निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 25–30 शब्दों में लिखिए -** | **2x3=6** |
| क) | सवार वज़ीर अली था। वह कर्नल से मिलना चाहता था। वह कर्नल से कारतूस लेने के लिए और कर्नल को धमकी देने के लिए मिलना चाहता था। वज़ीर अली एक पक्का देशभक्त था। वह अंग्रेज़ी शासन को पसंद नहीं करता था। वह अंग्रेज़ों की गुलामी कभी स्वीकार कर ही नहीं सकता था क्योंकि देशभक्ति के साथ-साथ उसमें साहस, बल, पराक्रम, निष्ठा आदि कूट-कूट कर भरे थे। स्वदेश से अंग्रेज़ों को खदेड़ने के लिए उसने कई मार्ग अपनाए थे, जैसे अफ़गानिस्तान के बादशाह को हिंदुस्तान पर आक्रमण करने के लिए आमंत्रित करना ताकि अंग्रेज़ी सेना की शक्ति कम हो सके। नेपाल की ओर भागने का प्रयास करना ताकि अपना सैन्य-बल बढ़ा सके आदि। | |
| ख) | ज्यों-ज्यों आबादी बढ़ी त्यों-त्यों मनुष्य की आवास और भोजन की जरूरत बढ़ती गई। इसके लिए वनों की अंधाधुंध कटाई की गई । इसके अलावा सागर के किनारे अतिक्रमण कर नई बस्तियाँ बसाई गईं । इससे असमय वर्षा, बाढ़, भूकंप, सूखा, अत्यधिक गरमी के अलावा तरह-तरह के रोग फैलने लगे। इस प्रकार बढ़ती हुई आबादी का पर्यावरण पर गहरा प्रभाव पड़ा है। | |
| ग) | सुभाष बाबू के जुलूस को 'आपन लड़ाई' कहा गया है क्योंकि पुलिस कमिश्नर के नोटिस के बावजूद कौंसिल के आहवान पर लोगों ने जुलूस निकाला था। लोग पुलिस की लाठियों की परवाह किए बिना आगे ही बढ़ रहे थे। सुभाष बाबू पर भी लाठियाँ पड़ीं, परंतु वे 'वंदे मातरम्' बोलते जा रहे थे और ज्योतिर्मय गांगुली के मना करने पर भी आगे बढ़ते गए। सुभाष बाबू को पकड़ लिया गया और लालबाज़ार लॉकअप में भेज दिया गया। | |
| घ) | 'बड़े भाई साहब' कहानी में बड़ा भाई शिक्षा को 'रंटत ज्ञान' और बे सिर पैर की बातें' मान्ता है। इस प्रकार की शिक्षा बच्चे को केवल रट्टू तोता बनाती है जिसका व्यावहारिक जीवन में कोई महत्त्व नहीं है। इससे बच्चों का रचनात्मक विकास नहीं हो पाता। केवल अंग्रेजी भाषा पढ़ने सेÊ इतिहास जानने से या बड़े-बड़े निबंध लिखने से जीवन में आने वाली समस्याओं का समाधान नहीं किया जा सकता। उसके लिए जीवन का वास्तविक अनुभव, तार्किक बुद्धि और सही निर्णय लेने की क्षमता का होना आवश्यक है। आज की संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था केवल पुस्तकीय ज्ञान पर आधारित है | |

| | | |
|---|---|---|
| | जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास नहीं हो पाता है। | |
| **प्रश्न 11** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से दो के उत्तर 60 से 70 शब्दों में लिखिए।** | **3x2=6** |
| क) | लेखक अपने छात्र जीवन में स्कूल से छुट्टियों में मिले काम को पूरा करने के लिए तरह-तरह की योजनाएं बनाता था ।दो महीनों की छुट्टियों का अधिकांश समय वह खेलकूद में ही बिताना चाहता था ।इसी कारण जब एक महीना बाकी रह जाता तो वह सोचा करता था कि गणित के मास्टर जी द्वारा दिए गए दो सौ सवालों को रोजाना दस सवाल निकालकर बीस दिन में आसानी से पूरा किया जा सकता है और जब दस दिन और निकल जाते तो सोचता कि सवाल तो पंद्रह भी एक दिन में निकाले जा सकते हैं किंतु ऐसे ही दिन बीत जाते थे और वह काम नहीं कर पाता था ।ऐसे समय में वह अपने सहपाठी ओमा के समान बनने की बात सोचा करता था।ओमा जो बहुत उद्दंड बालक था और वह काम करने के बजाए मास्टर जी द्वारा पिटना सस्ता सौदा समझता था। | |
| ख) | 'टोपी शुक्ला' पाठ के माध्यम से यही प्रतिपादित किया गया है कि मैत्री धर्म जाति रंग भेद प्रतिष्ठा आदि से ऊपर शुद्ध प्रेम और भावनाओं का प्रतिबिंब है। दो अलग धर्मों संस्कारों वाले इफ़्फन और टोपी में एक अद्भुत अपनत्व आत्मीयता और मित्रता का रिश्ता था। इफ़्फन कलेक्टर का बेटा था फिर भी उसमें अहंकार न था। टोपी अपने मन की सभी बातें इफ़्फन से करता था। इफ़्फन और टोपी के रिश्ते में न तो धर्म की दीवार थी न संस्कारों की दूरी और न प्रतिष्ठा का अंतर। दोनों का पालन-पोषण धार्मिक कट्टरता से भरे तथा दो अलग अलग परंपराओं से जुड़े परिवारों में होने पर भी उनमें मित्रता का गहरा रिश्ता बना। | |
| ग) | आज समाज में मानवीय मूल्य तथा पारिवारिक मूल्य धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहे हैं। ज़्यादातर व्यक्ति अपने स्वार्थ के लिए रिश्ते निभाते हैं, अपनी आवश्यकताओं के हिसाब से मिलते हैं। अमीर रिश्तेदारों का सम्मान करते हैं, उनसे मिलने को आतुर रहते हैं जबकि गरीब रिश्तेदारों से कतराते हैं। केवल स्वार्थ सिद्धि की अहमियत रह गई है। आए दिन हम अखबारों में समाचार पढ़ते हैं कि ज़मीन-जायदाद, पैसे-जेवर के लिए लोग हत्या व अपहरण जैसे नीच कार्य कर जाते हैं। हरिहर काका कहानी के आधार पर रिश्तों की नींव मजबूत बनाने के लिए परिवार के सभी सदस्यों का आपसी प्रेम, स्नेह तथा बड़ों को आदर देना जैसे गुणों का होना आवश्यक है। परिवार के सदस्यों का एक-दूसरे के दुःख, सुख को समझने तथा विपरीत परिस्थितियों में एक-दूसरे का साथ देने की प्रवृत्ति होनी चाहिए। घर के वृद्ध व्यक्तियों के प्रति सम्मान व आदर की भावना होनी चाहिए। इन गुणों के चलते रिश्तों की नींव मजबूत बनी रहेगी एवं रिश्ते नहीं बिखरेंगे। | |
| **प्रश्न 12** | अनुच्छेद -<br>भूमिका- 1 अंक़<br>विषय-वस्तु 4 अंक<br>भाषा- 1 अंक | **5** |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न 13** | पत्र<br>प्रारूप 2 अंक<br>विषय-वस्तु 3 अंक<br>भाषा 1 अंक | **5** |
| **प्रश्न 14** | सूचना लेखन -<br>प्रारूप 1 अंक<br>विषयवस्तु 2 अंक<br>भाषा 1 अंक | **4** |
| **प्रश्न 15** | विज्ञापन<br>विषयवस्तु 1 अंक<br>प्रस्तुति 1 अंक<br>भाषा 1 अंक | **3** |
| **प्रश्न 16** | लघु कथा लेखन -<br>विषय-वस्तु 2 अंक<br>प्रस्तुति 2 अंक<br>भाषा 1 अंक<br>**अथवा**<br>ई मेल<br>औपचारिकता 1 अंक<br>विषयवस्तु 3 अंक<br>भाषा 1 अंक | **5** |
| | **End of the Question Paper** | |